देश का ग्रोथ इंजन बन रहा उत्तर प्रदेश

पृष्ठ 1 का शेष

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इतने निवेश का मतलब 1.5 करोड़ युवाओं को एक साथ रोजगार मिलना है।

निवेश के लिए प्रदेश सरकार की नीतियों पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का 'निवेश मित्र' आज देश का सबसे बड़ा सिंगल विंडो पोर्टल है, जिसमें एक साथ 450 से ज्यादा अनापत्ति प्रमाणपत्र निवेशक को मिल जाते हैं। इसी तरह निवेश समझौते होने के बाद उन पर नजर रखने के लिए 'निवेश सारथी' पोर्टल बनाया है। कुछ समय पहले 1,300 करोड़ रुपये के प्रोत्साहन भी दिए गए ताकि उद्यमी को भरोसा हो कि सरकार अपना वायदा पूरी कर रही है। मगर मानव हस्तक्षेप कम करने के लिए सब कुछ ऑनलाइन किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इन्हीं सब नीतियों और पहलों ने कारोबारी सुगमता को गति दी है।

2016-17 में उत्तर प्रदेश कारोबारी सुगमता में 14वें स्थान पर था, जो 2019 में दूसरे स्थान पर आ गया। अब उत्तर प्रदेश पहले स्थान पर पहुंचने के लिए कड़ी होड़ कर रहा है।

प्रदेश के औद्योगिक विकास, निर्यात एवं निवेश संवर्द्धन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने समृद्धि सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश का बहुमुखी विकास हुआ है।

उन्होंने कहा, 'आज देश के लगभग आधे एक्सप्रेसवे उत्तर प्रदेश में हैं और लगभग 21 हवाई अड्डे भी तैयार हैं। देश में इतने हवाईअड्डे किसी और प्रदेश में नहीं हैं।' मंत्री ने कहा कि अयोध्या में राम मंदिर और काशी विश्वनाथ गलियारे बनने से औद्योगिक वृद्धि को भी बल मिल रहा है।